# दीक्षारम्भ /उन्मुखीकरण कार्यक्रम

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में नवप्रवेशी छात्राओं हेतु दीक्षारम्भ /उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जया तिवारी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमति मीनल चौबे उपस्थित रहीं।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जया तिवारी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप 66 वर्ष से स्थापित बहुत ही प्रतिष्ठित महाविद्यालय में अध्ययरत हैं, यहाँ पांच संकाय में पाठ्यक्रम संचालित है।अनुशासन और गरिमापूर्ण आचरण के साथ हम और आप इस महाविद्यालय के विकास के लिए कार्य करें।साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न उपलब्धियों को साझा कर  छात्राओं को महाविद्यालय से जुड़ने एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय एक नये जीवन का प्रवेश है, यहाँ भविष्य निर्माण की संभावनाएं निर्मित होती है, उन्होंने छात्राओं को महविद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में हिस्सा लेने के  साथ ही इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूरी बनाकर लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने की प्रेरणा दी।स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ नियंत्रक डॉ ऋचा मेहता द्वारा महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नवप्रवेशी छात्राओं को  सेमेस्टर पद्धति से संबंधित जानकारी दी गयी।

स्वागत उद्बोधन छात्र संघ प्रभारी डॉ. वैभव आचार्य ने किया।डॉ. गौतमी भतपहरी ने छात्राओं को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं सदस्यों  परिचित  कराया।इस अवसर पर महाविद्यालय में संचालित विभिन्न सुविधाओं का पीपीटी प्रस्तुतीकरण किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी, सहित स्वशासी प्रकोष्ठ के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. जया तिवारी (प्राचार्य), नियंत्रक डॉ. ऋचा मेहता, वरिष्ठ नियंत्रक डॉ. रागिनी पांडेय, वित्त अधिकारी डॉ. मिनी एलेक्स, तथा उप नियंत्रक डॉ. कीर्ति श्रीवास, डॉ. मंजुदेवी कोचे तथा डॉ. रमा सरोजिनी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा एवं आभार डॉ. रितु मारवाह ने किया ।

इस अवसर पर नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. स्वप्निल कर्महे के निर्देशन में  छात्राओं के द्वारा देवी स्तुति के साथ देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति की गयी। नम्रता गुप्ता और छात्राओं ने संगीतात्मक प्रस्तुति दी ।




दी
Govt. D.B




रायपुर (छ.ग.)
Induction Program




Induction Program